# बाबा साहब की जयंती पर नेतागण करेंगे प्रतिमा पर माल्यार्पण: यति

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश संगठन महामंत्री, जिलाध्यक्ष ने पूर्व संध्या पर सफाई कर किया दीप प्रज्जवलित

भोपाल (काप्र)।

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने रविवार को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर बोर्ड ऑफिस चौराहे स्थित बाबा साहब की प्रतिमा की साफ-सफाई कर दीप प्रज्जवलित किया।**



इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी, जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति, महापौर श्रीमती मालती राय, पूर्व जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी, जिला उपाध्यक्ष शंकर मकोरिया, इन्द्रजीत सिंह राजपूत, राजेंद्र गुप्ता, राजकुमार विश्वकर्मा, अश्विनी राय, अनिल पचौरी, महेश मकवाना, मंडल अध्यक्ष निर्भय सिंह धाकड़, महेश शाक्य, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अजय पाटीदार, श्रीमती सुषमा बबीसा, निखिलेश मिश्रा, हरिओम औसारी, दीपक शर्मा उपस्थित रहे। प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने अरेरा मंडल के वार्ड 49 बूथ क्रमांक 196 पर बाबा साहब की प्रतिमा की सफाई कर दीप प्रज्जवलित किए। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा सिंह, पूर्व विधायक ध्रुवनारायण सिंह पूर्व सांसद आलोक संजर, अरेरा मंडल अध्यक्ष अभिषेक पुरोहित, सुनील पांडे, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हीरेंद्र बहादुर सिंह, जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र गुप्ता, जिला मंत्री राजकुमार विश्वकर्मा, अनिल पचौरी, अश्विनी राय, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अजय पाटीदार, श्रीमती शक्ति दुबे, श्रीमती शोभा नरवाडे, निखिलेश मिश्रा, दिव्यऋषि तिवारी, पार्षद बाबूलाल यादव, पार्षद अरविंद वर्मा सहित प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी, मोर्चा, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी उपस्थित थे। श्री यति ने बताया कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, श्री यति 14 अप्रैल को प्रात: 10 बजे बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर बोर्ड आफिस स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश शासन के मंत्रीगण, सांसद, विधायगण, जनप्रतिनिधि एवं जिला पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। श्री यति ने बताया कि पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता भोपाल के प्रत्येक मंडल के बूथों पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सेवा कार्य करेंगे।

# महापौर ने नवजात शिशुओं व माताओं का गोद भराई कर किया सम्मान

भोपाल(काप्र)।

**महापौर श्रीमती मालती राय ने नवजात शिशुओं व उनकी माताओं का सम्मान गोद भराई कर किया।**

महापौर श्रीमती मालती राय ने रविवार को होशंगाबाद रोड स्थित हर हेल्थ सेंटर में नवजात शिशुओं व उनकी माताओं का सम्मान गोद भराई कर किया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती राय ने माताओं एवं शिशुओं को स्वस्थ्य एवं दीर्घायु हेतु शुभकामनाएं भी प्रेषित की। इस अवसर पर हर हेल्थ क्लब व सुफल गर्भावस्था सपोर्ट ग्रुप के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में माताएं मौजूद थी।

### गांव बस्ती चलो अभियान के तहत किया श्रमदान

महापौर ने स्वच्छ सोच स्वस्थ्य जीवन की थीम पर स्वच्छता जागरूकता हेतु आयोजित गांव बस्ती चलो अभियान के तहत स्वच्छता हेतु श्रमदान किया और नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने एवं अपने स्वयं के व आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता हेतु श्रमदान करने हेतु प्रेरित भी किया। श्रीमती राय ने रविवार को गांव बस्ती चलो अभियान के तहत आयोजित 07 दिवसीय स्वच्छता अभियान में सम्मिलित होकर नरेला विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड क्र. 36 के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता हेतु श्रमदान भी किया और अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने हेतु स्वच्छता की गतिविधियों में सक्रिय रूप से सहयोग करने व स्वच्छता कार्य हेतु श्रमदान करने हेतु आव्हान किया।



# संतनगर में बनाई 134 फीट रंगोली, जलाए 134 दीपक

भोपाल (हिनप्र)।

**डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वी जन्म जयंती के अवसर पर ईदगाह हिल्स स्थित वाजपेयी नगर मल्टी में भाजपा गुरुनानक मंडल द्वारा मल्टी को रंग बिरंगी रोशनी से जगमग कर सजाया गया। इस अवसर पर 134 फीट की अंबेडकर जी के चित्र की रंगोली बना कर 134 दीपक जलाए गए एवं 134 अनुसूचित जाति के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया गया।**

जयंती के अवसर रैली निकाली गई एवं मिष्ठान वितरित की गई। इस अवसर पर महेंद्र यादव ने बताया कि हम सभी ने आज उनके जीवन और कार्यों को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी हैं एवं विचारधारा और उनके योगदान पर चर्चा की है। बाबा साहब ने भारतीय संविधान की रचना की। इस अवसर गुरुनानक मण्डल के अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने उनके प्रति हमेशा श्रद्धा का भाव रहा है। हम सब बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के महान व्यक्तित्व और जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लें।



इस अवसर पर भगवानदास ढालिया,राजा शर्मा, सुनील सराठे,नरेंद्र ठाकुर, राजकुमारी डागोर सुकांति ठकुरिया, लक्ष्मी महाजन, कुसुम हिरवे, मुकेश सोलंकी, विशाल बिछले, नितिन बम्मन, अजय सर्वाया, कैलाश हिरवे, मुकेश गांठे, गोलू राय, गोवर्धन अहिरवार सहित युवा साथी उपस्थित है

## पेज एक से जारी खबरों के शेष...

### केंद्र सरकार ने...

मुनाफा होता था। अब पैक्स आयुष्मान भारत से जुड़ी सस्ती दवाएं बेच रहा है। जल वितरण का कार्य भी कर रहे हैं। आने वाले समय में ये और अधिक काम करेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से मुहैया कराए गए 25 हजार करोड़ रुपए के खर्चे से पूरे देश में पैक्स का कंप्यूटराइजेशन कर दिया गया है। इस कार्य में मध्यप्रदेश प्रथम स्थान पर रहा। श्री शाह ने कहा कि मध्यप्रदेश में कृषि, सहकारिता और पशुपालन के क्षेत्र में ढेर सारी संभावनाएं हैं। अब इन्हीं संभावनाओं का दोहन करने का निर्णय लिया गया है। श्री शाह ने बताया कि आज वे यहां पर एनडीडीबी और एमपी फेडरेशन के बीच हुए समझौते के साक्षी बने हैं। मध्यप्रदेश में साढ़े पांच करोड़ लीटर दुग्ध उत्पादन है, जो देश का नौ प्रतिशत है। जबकि सरकारी डेयरियों में इसका एक प्रतिशत से भी कम संग्रहण होता है। उनका कहना है कि किसान जब ओपन मार्केट में दूध बेचने जाता है, तो उसका शोषण होता है। अब किसानों का शोषण रोका जा सकेगा। उन्होंने कहा कि अब प्राथमिक डेयरियों का विस्तार करना है। दुग्ध संग्रहण बढ़ाना है। पशुओं की नस्ल सुधारना है, ताकि दुग्ध उत्पादन बढ़ सके और दूध से जुड़े अन्य उत्पादों का भी उत्पादन हो सके। केंद्रीय मंत्री ने मध्यप्रदेश से संबंधित अनेक आकड़े प्रस्तुत किए और कहा कि अब शेष 83 प्रतिशत गांवों तक दुग्ध सहकारी संघों के पहुंचने का मार्ग खुल गया है। अब अनुबंध के तहत पांच साल में 50 प्रतिशत गांवों में दुग्ध उत्पादन समितियां बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने संबंधित विभागों से आग्रह किया कि इस दौरान दुग्ध गुणवत्ता की जांच और किसानों को हर सप्ताह भुगतान सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने समझौते के तहत तए किए गए लक्ष्यों के संबंध में कहा कि इनका फिर से निर्धारण किया जाना चाहिए। अब मध्यप्रदेश में सुशासन है, इसलिए और बेहतर लक्ष्य तय करके इन्हें हासिल किया जा सकता है। इसके पहले अपने संबोधन में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की बेहतरी के लिए कार्य कर रही है और इस समझौते से दुग्ध उत्पादक किसानों की आय बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि सरकार दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए भी प्रयास कर रही है। कार्यक्रम को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री शर्मा और सहकारिता मंत्री श्री सारंग ने भी संबोधित किया।

### केन्द्र सरकार के...

खरीदेगी। प्रधानमंत्री श्री मोदी और श्री केन्द्रीय मंत्री श्री शाह के मार्गदर्शन में किसानों को समृद्ध बनाने की दिशा में राज्य सरकार संवेदनशीलता के साथ प्रतिबद्ध है। वृहद स्तर पर एमओयू होने से आज बड़ी संभावनाओं का द्वार खुले है। सहकारिता मंत्रीविश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि आज का दिन प्रदेश के सहकारी आंदोलन और श्वेत क्रांति के लिए एतिहासिक है। राज्य सरकार ने सहकारिता के साथ निजी व शासकीय भागीदारी को जोड़ते हुए सी.पी.पी.पी. के माध्यम से पहली बार देश में नया उदाहरण प्रस्तुत किया है। हम केंद्र सरकार के मार्गदर्शन में सहकारिता को नए आयाम प्रदान करने के लिए प्रयासरत हैं। पशुपालन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल ने अनुबंध की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। सांसद श्री वी.डी. शर्मा ने कहा कि केन्द्रीय सहकारिता मंत्री श्री शाह ने आज अनुबंध के माध्यम से मध्यप्रदेश को नई सौगात दी है। डेयरी विकास में गुजरात में किए विकास कार्य मध्यप्रदेश को नई गति प्रदान करेंगे। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के निदेशक डॉ. निमेश शाह ने कहा कि एनडीडीबी, मध्यप्रदेश सरकार और 6 दुग्ध संघ के बीच सहकार्य अनुबंध (एमओयू) हो रहा है। राज्य सरकार ने संगठित बोर्ड के माध्यम से दूध उत्पादन और किसानों की आय बढ़ाने के लिए अनुबंध की सहमति प्रदान की है। इस अनुबंध से किसानों को प्रशिक्षण देना, दूध उत्पादों की मार्केटिंग सहित अनेक कार्य किए जाएंगे। राष्ट्रीय डेयरी प्लान श्वेत क्रांति 2.0 के लक्ष्यों में महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण और उनके लिए रोजगार के अवसर सृजित करना शामिल है। एनडीडीबी दूध उत्पादक किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मौजूदगी में आज यहां राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) और मध्यप्रदेश डेयरी फेडरेशन के मध्य समझौते पर हस्ताक्षर हुए। समझौते पर राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के अधिकारियों और राज्य के पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने हस्ताक्षर किए। यह समझौता यहां आयोजित राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन में किया गया। इस अनुबंध के माध्यम से दुग्ध संग्रहण और उत्पादन के क्षेत्र में राज्य में व्यापक कार्य किए जाएंगे। इस अवसर पर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, राज्य के सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, अन्य मंत्री और केंद्र तथा राज्य के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। इस सम्मेलन में सहकार से समृद्धि के विजन अंतर्गत श्वेत क्रांति 2.0 और मध्यप्रदेश डेयरी विकास परियोजना पर लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही मध्यप्रदेश में सहकारिता तथा पैक्स के व्यवसाय विविधीकरण की दिशा में किये गये प्रयासों पर लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

### किसानों को खाद...

हो गई है। मूंग के रकबे में 1.65 लाख हेक्टेयर और उड़द के रकबे में 0.61 लाख हेक्टेयर की वृद्धि हुई है। गेहूं के प्रमुख राज्य उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और बिहार में कटाई की स्थिति बेहतर है। सभी राज्यों में फसल लगभग परिपक्वता चरण को पार कर चुकी है। चार अप्रैल तक की स्थिति के अनुसार, पिछले वर्ष इसी अवधि में ग्रीष्मकालीन फसलों के अंतर्गत बोए गए 52.40 लाख हेक्टेयर क्षेत्र की तुलना में 60.22 लाख हेक्टेयर है। इसमें से इस वर्ष चावल के अंतर्गत बोया गया क्षेत्र पिछले वर्ष बोए गए 27.33 लाख हेक्टेयर की तुलना में 31.98 लाख हेक्टेयर है और इसमें 4.65 लाख हेक्टेयर की वृद्धि हुई है। श्री चौहान ने फसल कटाई के बारे में भी अधिकारियों से जानकारी ली, जिसके अनुसार चार अप्रैल तक पूरे देश में रबी की बुआई क्षेत्र के 58.71 प्रतिशत हिस्से की कटाई की जा चुकी है। रबी फसल 2024-25 के तहत दलहनों का लगभग उड़द 94 प्रतिशत, कुलथी 90 प्रतिशत, मूंग 89 प्रतिशत कटाई हो चुकी है। श्री अन्न एवं मोटे अनाजों का 69.40 प्रतिशत क्षेत्र में कटाई हो गयी है। ज्वार 95 प्रतिशत और तिलहन 87.02 प्रतिशत कट गया है।

### वक्फ कानून को...

करेंगे। हालांकि बाद में कुछ युवक रैली में शामिल हो गए और पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। इस दौरान पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। कछार के पुलिस प्रमुख नुमल महत्ता ने कहा कि पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए उचित बल प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि पहले रैली शांतिपूर्ण थी, लेकिन कुछ उपद्रवी रैली में घुस आए और कानून-व्यवस्था की समस्या पैदा करने की कोशिश की। हालांकि हमने स्थिति को नियंत्रित कर लिया। करीब 300-400 लोग वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के लिए एकत्र हुए थे। शांति भंग करने की कोशिश करने वाले सभी अपराधियों पर कानून के तहत आरोप लगाए जाएंगे। एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि उन्होंने शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया था। साथ ही उन्होंने पथराव की निंदा करते हुए कहा कि हमने सिलचर में वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ शांतिपूर्ण रैली आयोजित की। हम इस कानून का विरोध करते हैं क्योंकि यह इस्लाम विरोधी है। हम पथराव की घटना की निंदा करते हैं। हम पुलिस के खिलाफ नहीं हैं और पुलिस पर पथराव करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। अगर पुलिस उनके खिलाफ कार्रवाई करती है, तो हमें खुशी होगी।

# संत कंवरराम साहिब थे निर्धनों के मसीहा: माधु

भोपाल (हिनप्र)।

**पूज्य सिंधी पंचायत ने शहीद भगत कंवरराम की 140वीं जयंती मनाई। मुख्य मार्ग पर स्थित संत कंवरराम की प्रतिमा के सामने, पंचायत अध्यक्ष माधू चांदवानी ने भगत कंवरराम की जयंती पर प्रकाश डाला और समाज को उनके जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता बताई।**

चांदवानी ने अमर शहीद भगत कंवरराम साहिब को एक महान संत, गरीबों के मसीहा, दानवीर, देशभक्त, कल्याणकारी, समाज सुधारक, मधुर आवाज के धनी, प्रसिद्ध भक्त और ईश्वरीय शक्ति से भरपूर व्यक्तित्व वाला बताया। उन्होंने कहा कि पूरा समाज उन्हें श्रद्धा से पूजता है। इसलिए, हर समाज सेवक और युवा को भगत कंवरराम साहिब के मार्ग पर चलकर प्रेरणा लेनी चाहिए ताकि हमारा भारत और भी शक्तिशाली बने। पार्षद अशोक मारण ने कहा कि शहीद संत कंवरराम साहिब जी को ईश्वरीय शक्ति प्राप्त थी। वे गरीब और असहाय लोगों की सेवा करते थे। हमें संत कंवरराम साहिब के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। इस अवसर पर, भाजपा मंडल के पूर्व अध्यक्ष कमल वीधानी और ठाकुर दास मनवानी ने भी संत कंवरराम साहिब जी के जीवन पर अपने विचार व्यक्त किए।



कार्यक्रम की शुरुआत में, सभी भक्तों ने भगत कंवरराम साहिब की प्रतिमा पर माला और श्रद्धा के फूल चढ़ाए। कार्यक्रम का संचालन नंद कुमार दादलानी ने किया और जगदीश आसवानी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर माधव पारदासानी, राम पारदासानी, राजकुमार वाधवानी, वासदेव रामचंदानी, मुरली गुरबानी, ईश्वर मनवानी, ओमप्रकाश आसनानी, राजकुमार थावानी, नरेश पेसवानी, महेश गुरबानी, दयाल दोलतानी, रमेश मनवानी, गुरमुख ज्ञानचंदानी, दिलीप टहलरामानी, जेठानंद मूलचंदानी उपस्थित थे।

# नवनिध में बच्चों ने नमन कर संविधान निर्माता अंबेडकर को किया याद

भोपाल (हिनप्र)।

**नवनिध स्कूल में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 129वीं जयंती मनाई गई। प्रार्थना सभा में छात्राओं ने डॉ. अंबेडकर के जीवन और विचारों पर भाषण एवं गीत प्रस्तुत किए।**

स्कूल की प्रिंसिपल अमृता मोटवानी और वाइस प्रिंसिपल रेखा केवलानी ने डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रिंसिपल मोटवानी ने डॉ. अंबेडकर को भारतीय संविधान का निर्माता और सामाजिक न्याय का रक्षक बताया। उन्होंने छात्रों को डॉ. अंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लेने और एक समान समाज बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं, नवनिध स्कूल में अभिभावक-शिक्षक संघ की बैठक आयोजित की गई। प्राचार्य अमृता मोटवानी ने अभिभावकों को विद्यालय की गतिविधियों की जानकारी दी। उपप्राचार्य रेखा केवलानी ने विद्यालय की सुविधाओं और नवाचारों पर प्रकाश डाला। अभिभावकों ने विद्यालय की उत्कृष्ट शिक्षण प्रणाली को सराहा। बैठक में विद्यालय और अभिभावकों के बीच संवाद और सहयोग को मजबूत करने पर जोर दिया गया।



**In The Court Of VII Civil Judge Class-I, District Court, Bhopal**
Presiding Officer : **करनाल सिंह श्याम**
(आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
MJC SUC/0000036/2025
**श्रीमती लक्ष्मी ..... आवेदक** VS
**सर्वसाधारण ..... अनावेदक**
**Process ID/2025**
पेशी दि.: 13/05/2025
**प्रेषिती**-1. सर्वसाधारण पता-भोपाल म.प्र. 2. आम जनता।
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती लक्ष्मी पता ने मृतक स्व. श्री राधेश्याम निवासी म.न. 24, शिवनगर कालोनी के पास करोद भोपाल की राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 13 May 2025 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 13 May 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 8 April 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
**कृपया ध्यान दें**: यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जाएगा।
**करनाल सिंह श्याम, न्यायाधीश**
**सप्तम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड**
**भोपाल (म.प्र.)**
134